ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

उदयपुर, बुधवार 19 फरवरी 2025

वर्ष 1 अंक 342

राजस्थान बजट में क्या सस्ता-क्या महंगा?:महिलाओं को मिलेगा सस्ता लोन; पत्नी के साथ प्रॉपर्टी खरीदने पर फायदा, पेट्रोल-डीजल पर नहीं घटाया वैट



24 न्यूज अपडेट

भजनलाल सरकार का दूसरा फुल बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री दीया कुमारी ने राहत की कई बड़ी घोषणाएं कीं। पत्नी के साथ जॉइंट में प्रॉपर्टी खरीदना कुछ हद तक सस्ता किया है। अब पत्नी के साथ 50 लाख तक की संयुक्त प्रॉपर्टी खरीदने पर स्टांप ड्यूटी आधा प्रतिशत कम चुकानी होगी।

वहीं परिवार के सदस्यों के पक्ष में पावर ऑफ अटॉर्नी पर स्टांप ड्यूटी में छूट का दायरा बढ़ाया गया है। इसके तहत माता-पिता, भाई-बहन, बेटा-बेटी, पोता-पोती, पति-पत्नी के साथ-साथ पुत्रवधू, नाती और नातिन को भी दिया जाएगा।

हालांकि आमजन को पेट्रोल-डीजल और सीएनजी की कीमतों में कोई भी राहत नहीं मिल पाई है। लेकिन सरकार ने वैट, जीएसटी, एक्साइज के अलावा स्टांप टैक्स से जुड़े डिफाल्टरों को एमनेस्टी योजनाओं का लाभ देकर राहत देने का प्रयास किया है।

पत्नी के साथ प्रॉपर्टी खरीदना सस्ता, 30 हजार से ज्यादा का फायदा

50 लाख तक की प्रॉपर्टी पत्नी के साथ मिलकर खरीदना अब सस्ता होगा। क्योंकि अब स्टांप ड्यूटी आधा फीसदी कम लगेगी। सरकारी डीएलसी निर्धारण के हिसाब से 50 लाख रुपए तक की प्रॉपर्टी खरीदने पर पहले 6 प्रतिशत स्टांप ड्यूटी (शहरी क्षेत्र) के हिसाब से 3 लाख रुपए चुकाने पड़ रहे थे।

अब इसमें पति और पत्नी के कंबाइंड नाम से इसी प्रॉपर्टी को खरीदने पर आधा फीसदी स्टांप ड्यूटी के हिसाब से 25 हजार रुपए से ज्यादा का फायदा मिलेगा। पहले जहां 50 लाख की प्रॉपर्टी पर कुल स्टांप ड्यूटी 3 लाख रुपए चुकानी पड़ रही थी, वह अब घटकर 2 लाख 75 हजार रुपए रह जाएगी।

साथ ही स्टांप ड्यूटी पर लगने वाली 30 प्रतिशत सरचार्ज राशि भी कम लगेगी। पहले 50 लाख की वैल्यू के हिसाब से 3 लाख रुपए की स्टांप ड्यूटी पर 30 प्रतिशत के हिसाब से 90 हजार रुपए सरचार्ज लगता था। वो अब 3 लाख की बजाय 2 लाख 75 हजार रुपए के हिसाब से काउंट होगा। सरचार्ज राशि 82 हजार 500 रुपए ही लगेगी। ऐसे में 50 लाख रुपए तक की कंबाइंड प्रॉपर्टी खरीदने पर पति-पत्नी को 7500 रुपए का अतिरिक्त फायदा सरचार्ज में भी मिल सकेगा। वहीं कुल मिलाकर फायदा 32 हजार 500 का होगा।

पावर ऑफ अटॉर्नी के लिए परिजनों का बढ़ाया दायरा

बजट में परिवार के नाम पावर ऑफ अटॉर्नी करने के मामलों में अब स्टांप ड्यूटी में छूट के लाभ का दायरा बढ़ाते हुए पुत्रवधू, नातिन और नाती को भी ये लाभ देने का ऐलान किया गया है। पहले परिवार में ही पत्नी, बेटे-बेटी, पोता-पोती के नाम पर पावर ऑफ अटॉर्नी करने पर अधिकतम 2 हजार रुपए स्टांप ड्यूटी लगती थी। पुत्रवधू, नाती-नातिन इस दायरे में नहीं आते थे।

खनन के लिए क्वारी लाइसेंस लेना हुआ सस्ता, फीस घटाई

बजट में सस्ता करने की घोषणा में यह भी शामिल है। अब माइनिंग उद्योग में खनन पट्टाधारकों को क्वारी लाइसेंस सस्ता किया गया है। इसकी फीस 5 हजार रुपए से कम करते हुए 3 हजार रुपए करने का ऐलान किया गया है। खनन करने के लिए जमीन के लाइसेंस को क्वारी लाइसेंस कहते हैं, यह खान विभाग जारी करता है।

बिजली बिल में मिलेगा कंडीशनल फायदा

मुख्यमंत्री निशुल्क बिजली बिल योजना के लाभार्थियों को अब 100 यूनिट प्रति माह की जगह 150 यूनिट तक मुफ्त बिजली की घोषणा की गई है। एक्सपर्ट की मानें तो अभी ये घोषणा कंडीशनल लग रही है।

लखपति दीदी को मिलने वाला लोन सस्ता

राजीविका मिशन के तहत 20 लाख महिलाओं को लखपति दीदी की श्रेणी में लाने के साथ ही लाभान्वित महिलाओं को मिलने वाले लोन को भी सस्ता करने की घोषणा की गई है। पहले एक लाख रुपए पर 2.5 प्रतिशत ब्याज वसूला जाता था। अब इसे घटाकर 1.5 प्रतिशत करने की घोषणा की है। इसके लिए 3 लाख महिलाओं का टारगेट रखा गया है।

5 हजार अन्नपूर्णा भंडार पर मिलेंगे सस्ते प्रोडक्ट

प्रदेश में संचालित उचित मूल्य की दुकानों पर 5 हजार अन्नपूर्णा भंडार खोलने की घोषणा की गई है। इन भंडारों पर खाद्य सुरक्षा श्रेणी में आने वाले परिवारों को सस्ते मसाले-दाल उपलब्ध करवाई जाएगी।

पेट्रोल और डीजल में कोई राहत नहीं मिली

बजट में पेट्रोल और डीजल पर वैट कम होने की भी उम्मीद थी। माना जा रहा था कि भजनलाल सरकार पेट्रोल और डीजल पर लग रहे वैट की दर को कम करने को लेकर कोई महत्वपूर्ण घोषणा कर सकती है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

RVNL के शेयर में आज 15% की तेजी:शेयर बढ़कर 383 पर पहुंचा, कंपनी को 554.46 करोड़ का प्रोजेक्ट मिला



24 न्यूज अपडेट

रेल विकास निगम लिमिटेड (RVNL) के शेयर में आज (19 फरवरी) करीब 15% की तेजी देखने को मिली। कारोबार के दौरान रेलवे सेक्टर की सरकारी कंपनी का शेयर 14.93% बढ़कर 383 रुपए पर पहुंच गया। हालांकि, कारोबार बंद होने पर यह 11.86% की तेजी के साथ 372.90 रुपए पर बंद हुआ।

एक दिन पहले RVNL को रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी (कर्नाटक) से 554.46 करोड़ रुपए का काम मिला है। इस वजह से ही कंपनी के शेयर में यह तेजी देखने को मिल रही है।

RVNL का मार्केट कैप 77.57 हजार करोड़

RVNL का मार्केट कैप 77.57 हजार करोड़ रुपए है। कंपनी के शेयर ने एक साल में अपने निवेशकों को 40.06% रिटर्न दिया है। बीते एक महीने में कंपनी का शेयर 14% और छह महीने में 35% गिरा है। कंपनी में दिसंबर 2024 के आखिर तक सरकार के पास 72.84% हिस्सेदारी थी।

तीसरी तिमाही में RVNL का मुनाफा 13.1% गिरा

RVNL का वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में मुनाफा सालाना आधार (YoY) पर 13.1% गिरकर 311.6 करोड़ रहा। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी का कॉन्सॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट 358.6 करोड़ रहा था।

कंपनी के ऑपरेशन से कॉन्सॉलिडेटेड रेवेन्यू यानी आय में सालाना आधार पर 2.6% की गिरावट हुई है। ये 4,567.4 करोड़ रहा। एक साल पहले की समान तिमाही यानी FY24 की तीसरी तिमाही में रेवेन्यू 4,689.3 करोड़ रहा था।

दिल्ली में भाजपा विधायक दल की बैठक शुरू:ऑब्जर्वर भाजपा कार्यालय पहुंचे, रेखा गुप्ता का दिल्ली CM बनना लगभग तय



24 न्यूज अपडेट

दिल्ली के मुख्यमंत्री पद के लिए रेखा गुप्ता का नाम लगभग तय हो गया है। सूत्रों के मुताबिक RSS ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा है, जिसे भाजपा ने मान लिया है। पार्टी के दोनों पर्यवेक्षक रविशंकर प्रसाद और ओम प्रकाश धनखड़ पार्टी दफ्तर पहुंच गए हैं। विधायक दल की बैठक शुरू हो गई है। कुछ ही देर में नाम तय हो जाएगा। विधानसभा चुनाव रिजल्ट के 11 दिन बाद आज शाम 7 बजे भाजपा विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान होने के आसार हैं। मुख्यमंत्री की शपथ गुरुवार (20 फरवरी) को रामलीला मैदान में दोपहर 12:35 बजे होगी। दिल्ली के मुख्य सचिव की तरफ से भेजे गए निमंत्रण में मुख्यमंत्री के साथ मंत्रियों की शपथ का भी जिक्र है। सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी दलित, पूर्वांचल और जाट का कॉम्बिनेशन बना सकती है। दो डिप्टी सीएम हो सकते हैं। कार्यक्रम में 30 हजार मेहमानों के शामिल होने की उम्मीद है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा पहले ही साफ कर चुके हैं कि मुख्यमंत्री निर्वाचित विधायकों में से होगा। बैठक में कैबिनेट मंत्रियों के नाम की भी घोषणा हो सकती है।

सोना 86,733 के ऑल टाइम हाई पर:आज कीमत 1,043 बढ़ी, इस साल 10,571 महंगा हुआ; चांदी 1,543 बढ़कर 97,566 किलो हुई



24 न्यूज अपडेट

सोना आज यानी 19 फरवरी को अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,043 रुपए बढ़कर 86,733 रुपए हो गया है। इससे पहले सोना 85,690 रुपए पर था। वहीं 14 फरवरी को सोने ने 86,089 रुपए का ऑलटाइम हाई बनाया था।

इसी तरह एक किलो चांदी की कीमत भी आज 1,543 रुपए बढ़कर 97,566 रुपए किलो हो गई है। कल चांदी का भाव 96,023 रुपए किलो था। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था, तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

1 जनवरी से अब तक सोना 10,571 महंगा हुआ

इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 10,571 रुपए बढ़कर 86,733 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 11,549 रुपए बढ़कर 97,566 रुपए पर पहुंच गया है।

कर्नाटक CM को MUDA केस में क्लीन चिट:लोकायुक्त बोला- सिद्धारमैया, उनकी पत्नी समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ सबूत नहीं

24 न्यूज अपडेट

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (MUDA) जमीन घोटाला मामले में लोकायुक्त से क्लीन चिट मिल गई है। लोकायुक्त पुलिस ने कहा कि सिद्धारमैया, उनकी पत्नी पार्वती समेत 4 आरोपियों के खिलाफ ठोस सबूत नहीं मिले हैं।



जांच अधिकारियों ने शिकायतकर्ता स्नेहमयी कृष्णा को बताया कि सबूतों के अभाव में दोनों पर आरोप साबित नहीं हो सके हैं। इस मामले में हाईकोर्ट को अंतिम रिपोर्ट दे दी है। सिद्धारमैया और उनकी पत्नी के अलावा उनके साले मल्लिकार्जुन स्वामी और जमीन मालिक देवराजू भी आरोपी हैं।

7 फरवरी को हाईकोर्ट ने सिद्धारमैया को राहत देते हुए MUDA केस को CBI को ट्रांसफर करने से इनकार कर दिया था। हाईकोर्ट ने RTI एक्टिविस्ट स्नेहमयी कृष्णा की याचिका पर फैसला सुनाया था।

7 जनवरी- हाईकोर्ट ने ED के नोटिस पर रोक लगाई थी

कर्नाटक हाईकोर्ट ने 27 जनवरी को सीएम सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को भेजे गए ED के नोटिस पर रोक लगा दी थी। पार्वती को मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (MUDA) जमीन घोटाला केस में ED ने नोटिस जारी किया था। उन्हें ED के बेंगलुरु ऑफिस में 28 जनवरी को सुबह 11 बजे सबूत और रिकॉर्ड पेश करने के लिए बुलाया गया था।

17 जनवरी- 300 करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त की गईं

ED ने 17 जनवरी को CM सिद्धारमैया और अन्य की 300 करोड़ कीमत की अचल संपत्तियां जब्त की थीं। जांच एजेंसी ने बताया था कि यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग केस में की गई है। इसके तहत इन लोगों की 142 प्रॉपर्टियां सीज की गई थीं। ED के जारी बयान में कहा था- जब्त की गई संपत्तियां अलग-अलग लोगों के नाम पर रजिस्टर्ड हैं। ये लोग रियल एस्टेट व्यवसायी और एजेंट के तौर पर रूप में काम कर रहे हैं।

गिल ICC वनडे रैंकिंग में नंबर-1 बैटर बने:पाकिस्तान के बाबर आजम को पीछे छोड़ा



24 न्यूज अपडेट

भारतीय ओपनर शुभमन गिल ICC वनडे रैंकिंग में नंबर-1 बैटर बन गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को पीछे छोड़ा। गिल पिछले हफ्ते दूसरे स्थान पर थे। ICC ने बुधवार को ताजा रैंकिंग जारी की। वहीं, बॉलिंग में श्रीलंका के महीश तीक्षणा अफगानिस्तान के राशिद खान को पीछे छोड़कर टॉप पर आ गए हैं।

बैटिंग रैंकिंग में चार भारतीय बल्लेबाज टॉप-10 में हैं। कप्तान रोहित शर्मा तीसरे और विराट कोहली छठे स्थान पर बने हुए है। श्रेयस अय्यर को एक स्थान का फायदा हुआ है, वे नौवीं पॉजिशन पर पहुंच गए हैं।



संपादकीय : पारदर्शिता का प्रश्न

मुख्य निर्वाचन आयुक्त के चयन को लेकर जैसे कि कयास लगाए जा रहे थे, आखिरकार वही हुआ। विपक्ष मांग करता रहा कि इस पद पर नियुक्ति के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय की सुनवाई तक बैठक को टाल दिया जाना चाहिए। मगर सरकार ने उस मांग को अस्वीकार करते हुए राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति से एक दिन पहले ही बैठक बुला ली और नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति कर दी गई। अब इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय का जो भी फैसला आएगा, उसका बहुत मतलब नहीं रह जाएगा। नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पदोन्नत किया गया है। मगर विपक्ष इसे उचित नहीं मान रहा। दरअसल, पिछले कुछ समय से जिस तरह निर्वाचन आयोग के कामकाज और उसकी कर्तव्यनिष्ठा को लेकर सवाल उठते रहे हैं, उसमें नए निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति को लेकर सरकार की हड़बड़ी संदेह की गुंजाइश पैदा करती है। संवैधानिक पदों पर नियुक्ति में पारदर्शिता की अपेक्षा स्वाभाविक है मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति में निष्पक्षता की मांग इसलिए उठती रही है कि इसी संस्था से लोकतंत्र की रक्षा का भरोसा बनता है। पिछले कुछ वर्षों में निर्वाचन आयुक्तों के सरकार की मंशा के अनुरूप काम करने, मतदाता सूची और मतदान मशीनों में गड़बड़ी कराने, मतदान संबंधी ब्योरों में तालमेल न होने आदि के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। इसीलिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति में निष्पक्ष व्यवस्था की गुहार लगाते हुए सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया गया था। हालांकि यह पहली बार नहीं है, जब भारत निर्वाचन आयोग के कामकाज के तरीके पर सवाल उठ रहे हैं। पहले भी सरकार पर अपनी पसंद के व्यक्ति को इस पद की जिम्मेदारी सौंपने का आरोप लगा है। प्रधानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति इस पद पर नियुक्ति करते थे। मगर जब निर्वाचन आयोग के कामकाज में पारदर्शिता धुंधली होने लगी, तो इस नियुक्ति प्रक्रिया को अदालत में चुनौती दी गई थी । तब सर्वोच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी थी कि प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और प्रधान न्यायाधीश की तीन सदस्यों वाली समिति इस पद पर नियुक्ति करेगी। मगर सरकार ने उस व्यवस्था को पलट कर कानून बना दिया तीन सदस्यों में एक सदस्य प्रधान न्यायाधीश की जगह एक केंद्रीय मंत्री होगा। इसी पर स्थगन की याचिका दायर की गई है, जिस पर सुनवाई होनी है। अगर कार सचमुच इस पद की निष्पक्षता को लेकर गंभीर होती, इस संस्था की स्वायत्तता को मूल्यवान समझती तो शायद इतने विवादों के बावजूद इस पद पर नियुक्ति की ऐसी जल्दबाजी न दिखाती । स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संवैधानिक संकल्प है। यह तभी संभव हो सकता है, जब निर्वाचन आयुक्त स्वायत्त और निष्पक्ष ढंग से काम कर सके। अगर उसका झुकाव किसी दल विशेष या सत्तपक्ष की तरफ होगा, तो इसका असर चुनाव नतीजों पर नजर आएगा। स्वायत्तता के साथ-साथ यह मांग भी लगातार उठती रही है कि निर्वाचन आयोग को एक नखदंत विहीन संस्था के बजाय अधिकार संपन्न संस्था बनाया जाना चाहिए, जो आचार संहिता के उल्लंघन आदि के मामले में कठोर कार्रवाई कर सके। मगर ऐसा कोई चुनाव नहीं गुजरता, जब निर्वाचन आयोग पर गंभीर आरोप नहीं लगते। सबसे अधिक तो मतदान मशीनों को लेकर सवाल उठते हैं। मगर इस शंका के निवारण के लिए कोई भरोसेमंद तरीका नहीं निकाला गया। ऐसे में मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति में परस्पर सहमति की अपेक्ष स्वाभाविक है।

त्रासदी के बाद

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की त्रासद घटना के बाद अब कुछ सख्त नियम-कायदे लागू किए गए हैं, ताकि आगे वैसी स्थिति से बचा जा सके। सवाल है कि सरकार और संबंधित महकमों की नींद तभी क्यों खुलती है, जब कोई हादसा हो जाता और मामला तूल पकड़ लेता है । प्रयागराज महाकुंभ में पहुंचने के लिए सभी राज्यों से भारी संख्या में लोग रेलवे स्टेशनों पर जमा हो रहे हैं, तो यह कोई अचानक पैदा होने वाली स्थिति नहीं है। इस बात की संभावना बिल्कुल शुरू से थी कि नई दिल्ली स्टेशन से महाकुंभ के लिए जाने वाले लोगों की संख्या कभी भी बेलगाम हो जा सकती है। विडंबना है कि इसके मद्देनजर स्टेशन पर कोई भी ऐसी व्यवस्था नहीं दिखी, जिससे लगे कि सरकार किसी त्रासद घटना को न होने देने की इच्छाशक्ति के साथ काम कर रही है। इसका नतीजा इस रूप में सामने आया कि नई दिल्ली स्टेशन पर बड़े पैमाने पर लोग पहुंचे और महाकुंभ में जाने के लिए गाड़ी पकड़ने की कोशिश में भगदड़ मच गई। सच यह है कि कुछ पूर्व सुरक्षा इंतजाम और सख्त नियम-कायदे लागू करके जिस त्रासद घटना को होने से रोका जा सकता था, वहां सिर्फ व्यवस्थागत बदइंतजामी, शासकीय अदूरदर्शिता और लापरवाही की वजह से कई लोगों की जान चली गई। समझना मुश्किल है कि सामान्य समझ के मुताबिक भी जो परिस्थिति संभावित थी और हादसे की आशंका लगातार बनी हुई थी, उसके बारे में उच्च स्तर के संबंधित अधिकारियों को अंदाजा क्यों नहीं हुआ अब नई दिल्ली स्टेशन पर सुरक्षा बढ़ाई गई है, प्लेटफार्म टिकट की बिक्री को नियंत्रित किया गया है, बिना वैध कारणों के रेल पुल पर लोगों के खड़ा होने की मनाही की गई है, स्टेशन परिसर में अस्थायी तंबुओं में यात्रियों को रोका जा रहा है, भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है और आपात प्रतिक्रिया दल भी तैयार किए गए हैं। निश्चित तौर पर यह रेल महकमे से लेकर स्टेशन पर मौजूद उच्च स्तर के अधिकारियों की अदूरदर्शिता का सबूत है कि ये सुरक्षात्मक इंतजाम इतनी देर से किए गए । यही सब उपाय पहले किए जाते तो शायद अव्यवस्था न फैलती और उसके नतीजे त्रासद न होते ।

डूंगरपुर को मिली रिंग रोड की सौगात, फूड सैंपलिंग लैब भी बनेगी



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. डूंगरपुर। वित्त मंत्री दीया कुमारी ने बुधवार को राज्य सरकार का बजट पेश किया। इसमें प्रदेश में 1 लाख 25 हजार सरकारी और डेढ़ लाख प्राइवेट नौकरियों की घोषणा की गई है। इसके अलावा, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, और पर्यटन के लिए बजट की घोषणा की गई है।

बजट में डूंगरपुर के विकास की घोषणाएँ:

डूंगरपुर को रिंग रोड और पर्यटन विकास के लिए टीएसपी एरिया में 100 करोड़ का बजट। फूड सैंपलिंग के लिए नई लैब स्थापित होगी।

शहर में हैवी ट्रैफिक से मिलेगी निजात:

डूंगरपुर शहर को हैवी ट्रैफिक से मुक्त करने के लिए रिंग रोड का निर्माण होगा। सागवाड़ा और हाईवे से आने वाले हैवी ट्रैफिक को शहर से बाहर निकालने के लिए बायपास बनाया जाएगा, जो तिजवड से होकर सीमलवाड़ा रोड पर भंडारिया के पास निकलेगा। दूसरा बायपास तिजवड से उदयपुर दो नदी तक बनाया जाएगा।

पर्यटन विकास के लिए 975 करोड़, रोजगार के रास्ते खुलेंगे:

डूंगरपुर सहित पूरे टीएसपी क्षेत्र को टूरिज्म हब बनाने के लिए 975 करोड़ का बजट। बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम, प्रतापगढ़ के गोतमेश्वर शिवालय और डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम, देव सोमनाथ शिवालय सहित कई धार्मिक स्थलों का विकास। पर्यटन बढ़ने से होटल और ट्रांसपोर्ट व्यवसाय में वृद्धि और रोजगार के अवसर खुलेंगे।

फूड सैंपल की रिपोर्ट जल्द मिलेगी:

डूंगरपुर में नई खाद्य प्रयोगशाला की स्थापना से फूड सैंपल की रिपोर्ट 24 घंटे में मिल सकेगी। पहले बांसवाड़ा भेजे जाने वाले सैंपल अब डूंगरपुर में ही जांचे जाएंगे, जिससे समय की बचत होगी और खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जानकारी जल्दी मिल सकेगी।

पारस पर फ्लाई ओवर की क्या है प्रोग्रेस,,,रोज लग रहा जाम



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर में पारस तिराहे पर फ्लाई ओवर का काम जोरों पर है। बजाज शोरूम से अगे सामने पिलर उठाने का काम जोरों पर चल रहा है। रास्ते के बीच में गड्ढे खोदकर काम किया जा रहा है। इसके लिए अस्थायी सुरक्षा दीवार बनाई गई है। इस फ्लाई ओवर की चौड़ाई 11.9 मीटर है और इसमें 42.3 करोड़ का खर्च होगा। इसका काम दो साल में पूरा होने का लक्ष्य रखा गया है। फ्लाई ओवर के काम के चलते यहां पर पूरे दिन ट्रैफिक जाम की स्थित हो रही है। हालांकि यातायात पुलिस के जवान लगातार व्यवस्था बनाए रखने में मदद कर रहे हैं। इस फ्लाई ओवर में कुल 13 पिलर बनाए जाएंगे। यह रास्ता सीधा पटेल सर्कल तक जाएगा व वहां से आगे बनने वाले एलिवेटड रोड से होते हुए बाहर से सीधा ही बंशीपान तक पहुंचा जा सकेगा।

यूडी टैक्स वसूली को लेकर निगम की सख्त कार्रवाई, दो व्यावसायिक संपत्तियां सीज





24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। नगर निगम द्वारा यूडी टैक्स (नगरीय विकास कर) की वसूली को लेकर सख्ती जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को दो व्यावसायिक संपत्तियों को सीज कर दिया गया।

बकाया टैक्स पर कार्रवाई

नगर निगम राजस्व अधिकारी नितेश भटनागर ने बताया कि आयुक्त राम प्रकाश के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो प्रतिष्ठानों को सीज किया गया।

पहला प्रतिष्ठानः संजय डांगी की संपत्ति, सेक्टर 4, विद्या नगर सुदर्शन एन्क्लेव के सामने, जिसका 10,44,995 बकाया था।

दूसरा प्रतिष्ठानः सब सिटी सेंटर में कुश एंटरप्राइज - गोल्डमाइन फर्नीचर, जिसका 8,43,424 का टैक्स बकाया था।

बकाया टैक्स की राशि जमा नहीं कराने पर नगर निगम ने दोनों व्यावसायिक संपत्तियों को सीज कर दिया, जिससे इनकी व्यावसायिक गतिविधियां बंद हो गईं। नोटिस जारी, कोई संतोषजनक जवाब नहीं नगर निगम द्वारा बकाया टैक्स को लेकर पहले ही नोटिस जारी किया गया था, लेकिन संबंधित फर्मों ने न तो टैक्स जमा किया और न ही संतोषजनक जवाब दिया।

यह बकाया वर्ष 2007 से 2023 तक का था। राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा के तहत यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान राजस्व अधिकारी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी विनोद अग्रवाल और भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

31 मार्च तक टैक्स जमा करें, छूट का लाभ पाएं

आयुक्त राम प्रकाश ने स्पष्ट किया कि सरकार द्वारा यूडी टैक्स हर हाल में वसूला जाएगा। 31 मार्च तक टैक्स जमा करने पर छूट का लाभ मिलेगा। संपत्तिधारकों को सलाह दी गई कि अपनी संपत्तियों को सीज होने से बचाने के लिए जल्द से जल्द बकाया टैक्स जमा करें। सीज की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

अवैध टोपीदार बंदूक के साथ एक गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़। कपासन थाना पुलिस द्वारा एक अवैध टोपीदार बन्दुक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि एएसपी सरिता सिंह एवं डीएसपी कपासन हरजी लाल यादव के सुपरविजन में लोकल स्पेशल एक्ट की कार्यवाही के तहत थानाधिकारी कपासन रतनसिंह पु.नि. के निर्देश पर एएसआई शंकरलाल, कानि. राजेश, राजेन्द्र व युवराजसिंह द्वारा थाना क्षेत्र में गश्त व नाकाबंदी के दौरान आरोपी आजाद खान पुत्र न्याय खान उर्फ नियाज खान उम्र 46 साल निवासी रघुनाथपुरा थाना कपासन जिला चित्तौडगढ के कब्जे से बिना अनुज्ञापत्र या लाईसेन्स के एक अवैध टोपीदार बन्दूक को जब्त किया जाकर आरोपी आजाद खान को गिरफ्तार कर इसके विरूद्ध थाना कपासन पर आर्म्स एक्ट मे प्रकरण पंजीबंद्ध कर अनुसंधान किया जा रहा है।

कुएं में गिरने से 10 साल के बच्चे की मौत:स्कूल से घर आकर खेलने गया था



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर के कुराबड़ थाना क्षेत्र में बिना मुंडेर के कुएं में गिरने से नाबालिग की मौत हो गई। 10 साल का बच्चा खेलते-खेलते कुएं में गिरा था। घटना रामज पंचायत के रीगणिया फला में मंगलवार देर शाम की है। कुराबड़ थाने के एएसआई सुखदेव सिहाग ने बताया- हादसे में 10 साल के लोगर लाल पुत्र जेता रावत की मौत हो गई। बच्चा स्कूल से छुट्टी बाद घर आया था। बैग रखकर घर से खेलने गया था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। ऐसे में परिजनों को चिंता होने लगी। परिजनों ने इधर-उधर तलाश की। नाबालिग का शव देर रात भंवरलाल पुत्र कालू रावत के खेत में बिना मुंडेर के कुएं में पड़ा मिला। कुएं में पानी था, जिसमें डूबने से उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया और कुराबड़ सरकारी हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया।

वाहन चोरी का आरोपी गिरफ्तार, एक बाईक बरामद



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़. पुलिस थाना कोतवाली चितौडगढ़ द्वारा वाहन चोरी के मामले में एक व्यक्ति को गिरफतार कर उसके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाईकिल बरामद की है। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि 04 जनवरी को भामाशाह भारती स्कुल के सामने किला रोड चित्तौडगढ से मोहम्मद असलम पुत्र अब्दुल सतार खां पठान की मोटरसाईकिल हिरो एचएफ डिलक्स अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाने के मामले में प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। एएसपी चितौड़गढ सरिता सिंह एवं डीएसपी विनय चौधरी के निर्देशन में थानाधिकारी कोतवाली चितौड़गढ़ भवानीसिंह (पु.नि.) के निर्देश पर एएसआई कैलाश चन्द्र, कानि. कन्हैयालाल व संदीप द्वारा शहर चितौड़गढ़ में लगे हुऐ सीसीटीवी फुटेज का बारिकी से विश्लेषण कर तकनीकी साक्ष्य एवं ह्युमन इंटेलीजेंस का उपयाग करते हुऐ मोटर साईकिल चोरी की घटना कारित करने वाले आरोपी किशन लौहार पुत्र देवीलाल लौहार उम्र 24 वर्ष निवासी हिंगोरिया थाना कपासन जिला चित्तौड़गढ को गिरफतार किया जाकर आरोपी के कब्जे से चोरी की मोटरसाईकिल हिरो एचएफ डिलेक्स को जब्त किया गया। आरोपी किशन लौहार से शहर चित्तौडगढ में अन्य चोरियों की वारदात के सम्बन्ध में अनुसंधान किया जा रहा है।

खेत पर छापा, 17,600 अफीम के डोडे लगे पौधे जब्त, मालिक फरार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, भीलवाड़ा। भीलवाड़ा में पुलिस ने कपास की आड़ में अवैध रूप से अफीम की खेती करने वाले एक खेत पर छापा मारा। यह घटना शक्करगढ़ थाना क्षेत्र में घटी। एसपी धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर, मुखबीर की सूचना के आधार पर पुलिस ने माल का खेड़ा बॉर्डर के पास रहने वाले शिवराज मीणा के खेत पर छापा मारा। इस छापेमारी में पुलिस ने 17,600 अफीम के पौधे जब्त किए, जो कपास के पौधों के बीच छिपे हुए थे। इन पौधों का कुल वजन, जिन्हें कट्टों में पैक किया गया था, 813.300 किलोग्राम निकला। ये पौधे ऐसे थे जिन पर अफीम के डोडे आ चुके थे। खेत मालिक शिवराज मीणा को खेत और कुएं के पास के घर में तलाशी के बावजूद नहीं मिला। पुलिस ने इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है और जांच शुरू कर दी है।

प्रदेश के वर्ष 2025 में राजस्थान के खुशहाल बजट का खुला पिटारा, किसान, गरीब, युवाओं, महिलाओं को समर्पित



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर विधायक ताराचंद जैन ने राजस्थान सरकार द्वारा पेश बजट को प्रदेश के विकास का बजट बताया है। विधायक ताराचंद जैन ने बजट में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार ने इस बजट में हर वर्ग का विशेष ध्यान रखा है, जिसमें युवाओं के लिए सवा लाख नई नौकरियों की घोषणा कर युवा वर्ग को रोजगार से जोड़ने का काम किया है। बजट में 150 यूनिट बिजली फ्री देने से आम जनता को राहत मिलेगी। बजट में वित्त मंत्री ने प्रदेश में 1000 ट्यूबवेल और 1500 हैंडपंप की घोषणा कर प्रदेश वासियों को पेयजल की समस्या से राहत दिलाई है। बजट में 50 हजार कृषि कनेक्शन और 5 लाख डोमेस्टिक कनेक्शन देने की घोषणा से किसानों और आम जनता को राहत मिलेगी। विधायक जैन ने कहा कि बजट में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत 3500 करोड़ रुपए की लागत से निशुल्क जांच और दवा की घोषणा से प्रदेश के लाखों लोगों को राहत मिलेगी। प्रदेश के 70 वर्ष से अधिक आयु कर लोगों को घर बैठे दवाइयां मिलने की घोषणा से वृद्ध लोगों को अब दवाइयां के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।

प्रदेश के विकास और अग्रणी राज्य की श्रेणी में ले जाने वाला बजट - ताराचंद जैन



24 न्यूज अपडेट

19 फ़रवरी 2025 | उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा की "खुशहाल राजस्थान" के संकल्प की सिद्धि को समर्पित, सर्वस्पर्शी एवं सर्वसमावेशी राजस्थान बजट 2025-26 पेश हुआ हे। विधायक मीणा ने कहा कि यह बजट प्रदेश के चहुँमुखी विकास, जनकल्याण, बुनियादी ढांचे के सशक्तिकरण, रोजगार सृजन, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुशासन को नई दिशा देने वाला है। माननीय मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में आत्मनिर्भर, समृद्ध और अग्रणी राजस्थान का संकल्प साकार होगा।



24 न्यूज अपडेट

राठौड़ ने बताया कि वर्ष 2025 के में राजस्थान की जनता को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने दी जनकल्याणकारी सौगातें, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं वित मंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त करते हुए राठौड़ ने बताया कि बजट में जयपुर जोधपुर के साथ उदयपुर को भी नई सीटी बसे मिलेगी, मध्यम वर्ग परिवारों को 150 यूनिट बिजली फ्री देगी सरकार, युवाओं के लिए सवा लाख सरकारी नौकरियां देंगे, 2 लाख परिवारों को पट्टे जारी करेंगे एवं 25000 हजार घुमंतू परिवारों को पट्टे दिए जाएंगे, चिकित्सा श्रेत्र में 3500 करोड़ रुपए की लागत से आयुष्मान आरोग्य मां कोष का गठन किया जाएगा,एक लाख किसानों को 25000 करोड़ का ऋण दिया जाएगा

गजपाल सिंह राठौड़
जिला अध्यक्ष भाजपा उदयपुर



24 न्यूज अपडेट

उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री श्रीमती दिया कुमारी द्वारा प्रस्तुत बजट भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं राज्य के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के सपनों को साकार कर राज्य के सभी वर्गों के सर्वांगीण एवं उत्तरोत्तर विकास को सुनिश्चित करने वाला बजट है। बजट की मुख्य थीम "ग्रीन बजट" एक क्रान्तिकारी अवधारणा है जिसके माध्यम से राज्य के आर्थिक विकास के साथ-साथ पर्यावरण के संरक्षण को भी सुनिश्चित किया जा सकेगा। बजट में राज्य के नवयुवकों, महिलाओं एवं समाज के वंचित वर्गों का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है। उदयपुर के मेवाड़ क्षेत्र के लिए भी कुछ विशेष महत्वपूर्ण घोषणाएं की गयी है जिनका इस क्षेत्र के विकास में दूरगामी सकारात्मक प्रभाव होगा। जनजातीय क्षेत्र में पर्यटन के क्षेत्र में जनजाति आधारित पर्यटन सर्किट की स्थापना के लिए 100 करोड का प्रावधान रखा गया है जिससे देश-विदेश के पर्यटक इस क्षेत्र की समृद्ध जनजातीय परम्परा एवं संस्कृति का दिग्दर्शन कर सकेंगे। वैदिक पर्यटन केन्द्र के माध्यम से भारत के प्राचीन आध्यात्मिक ज्ञान एवं ऊर्जा से देश-विदेश के पर्यटक आत्मसात हो सकेंगे। बजट में प्रस्तावित नवीन दुग्ध संयंत्र एवं प्रोटीन आहार संयंत्र भी पशुधन एवं गोधन विकास में विशिष्ट योगदान करेंगे।

पुष्कर तेली
भाजपा देहात जिला अध्यक्ष



24 न्यूज अपडेट

यह बजट निवेश प्रोत्साहन तथा आधारभूत ढांचे के विकास को समर्पित है जिससे राज्य के उद्यमियों के लिए सकारात्मक वातावरण निर्मित होगा। 40 लाख के टर्नओवर पर पंजीयन छूट, रिप्स 2024 की पॉलिसी में पूर्व में स्थापित उद्योगों को शामिल करने के साथ सिंगल विंडो प्रक्रिया को आसान किया, सूची बढ़ाई, सरकार के ऐसे सभी प्रावधानों का स्वागत है।

मनोज जोशी- अध्यक्ष लघु उद्योग भारती, उदयपुर

एससी-एसटी के आरोप में 11 आरोपी गिरफ्तार:वकील और पुलिस आपस में उलझे, बच्चों के झगड़े में दो पक्षों में विवाद का मामला



24 न्यूज अपडेट

अजमेर के लोंगिया क्षेत्र में दो पक्षों के बीच हुए विवाद के मामले में एक पक्ष ने एससी-एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया था। गंज थाना पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए एक पक्ष के 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायालय ने सभी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। गंज थाने के एएसआई कुंदन सिंह ने बताया- लोंगिया मोहल्ले में 17 फरवरी की रात को दो पक्षों में लड़ाई झगड़ा हुआ था, जिसमें एक पक्ष के संजय भट्टू ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में एससी एसटी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मामले की जांच सीओ लक्ष्मण भाकर की ओर से की जा रही थी। इस दौरान मुकदमे में 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों को आज कोर्ट में पेश किया। न्यायालय के द्वारा सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने के आदेश दिए गए।

दूसरे पक्ष में भी दर्ज करवाया मुकदमा

मामले में दूसरे पक्ष की ओर से भी गंज थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। जिसने पीड़ित ने मारपीट, छेड़छाड़ सहित अन्य आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करवाया है। सीओ लक्ष्मण भाकर ने बताया कि दूसरे पक्ष की रिपोर्ट पर तफ्तीश की जा रही है। नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

वकील से बदसलूकी का आरोप, हुआ हंगामा

गंज थाना पुलिस गिरफ्तार 11 आरोपियों को कड़ी सुरक्षा में कोर्ट में लेकर पहुंची थी। इसी दौरान सिविल लाइन थाना प्रभारी राजवीर सिंह सहित पुलिस जाब्ता भी कोर्ट के बाहर मौजूद था। इस बीच थाना प्रभारी और वकील आपस में उलझ गए। वकील ने थाना प्रभारी पर धक्का देने का आरोप लगाया। कुछ देर में कोर्ट के बाहर सभी वकील इकट्ठा हो गए। इसके बाद हंगामा खड़ा हो गया। सूचना मिलने पर दक्षिण सीओ ओमप्रकाश कोर्ट पहुंचे और मामले में वकील से समझाइश की गई। इसके बाद मामला शांत हुआ।



राशन की दुकानों पर खुलेंगे अन्नपूर्णा भंडार



24 न्यूज अपडेट

प्रदेश में एक बार फिर से उचित मूल्य की दुकानों (सरकारी राशन दुकानों) पर अन्नपूर्णा भंडार केन्द्र खुलेंगे। इन केन्द्रों पर एफएमसीजी से संबंधित तमाम रोजमर्रा की वस्तुएं (चीनी, तेल, मसाले, चावल, तेल-साबुन समेत अन्य सामाग्री) मिलेगी। ये अभी प्रदेश के 5 हजार राशन की दुकानों पर शुरू करने की घोषणा की है।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के समय इस योजना की शुरूआत की थी। तब जयपुर समेत प्रदेश के तमाम शहरों में राशन की दुकानों पर अन्नपूर्णा भंडार खोले गए थे। इन भंडार केन्द्रों पर परचूनी की दुकानों से संबंधित तमाम सामान उपलब्ध करवाया गया।

इसके खुलने से न केवल राशन डीलरों की आय में बढ़ोतरी हुई, बल्कि ग्रामीण और दूर-दराज के एरिया जहां किराने का सामान लेने के लिए लोगों को दूर एरिया में जाना पड़ता था उनको फायदा हुआ।

अब भजनलाल सरकार ने वसुंधरा सरकार की इस योजना को दोबारा से शुरू करने का एलान किया है। इसके तहत प्रदेश में 5 हजार राशन की दुकानों पर इस साल अन्नपूर्णा भंडार खोलने की घोषणा की है।

जोधपुर में ग्रामीण के पास अफीम का दूध बरामद



24 न्यूज अपडेट

अवैध मादक पदार्थ तस्करी को लेकर जोधपुर की पुलिस अभियान चला रही है। इसी अभियान के तहत पुलिस ने अफीम के दूध के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी हुई है कि आरोपी अफीम कहां से खरीद कर लाया था उसे कहां पर सप्लाई किया जाना था।

670 ग्राम अफीम का दूध बरामद

बनाड़ थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने जाजीवाल विश्नोइयां में 18 जनवरी की शाम 6:30 बजे के करीब कार्रवाई करते हुए आरोपी भागीरथ विश्नोई निवासी जाजीवाल विश्नोइयां को गिरफ्तार किया उसके कब्जे से 670 ग्राम अफीम का दूध बरामद किया गया। जिस पर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मामले की जांच उप निरीक्षक राउ राम कर रहे हैं। पुलिस यह पता लगाने में जुटी हुई है कि आरोपी इस अफीम के दूध को कहां से खरीद कर लाया था। बता दें कि जोधपुर की पुलिस इन दिनों अवैध मादक पदार्थ तस्करी और लोकल नेटवर्क को खत्म करने के लिए मिशन संकल्प अभियान चला रही है।

बीकानेर फील्ड-फायरिंग रेंज में गोली लगने से जवान की मौत निशानेबाजी की प्रैक्टिस कर रहे थे; 2 महीने में हो चुकी 5 मौतें



24 न्यूज अपडेट

बीकानेर में महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में प्रैक्टिस के दौरान गोली लगने से घायल सेना के जवान की मौत हो गई। वे 28 जनवरी को निशानेबाजी का अभ्यास कर रहे थे। इस दौरान हादसा हो गया।

उनका सूरतगढ़ (श्रीगंगानगर) के आर्मी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। मंगलवार को जवान ने दम तोड़ दिया। पारस मोहन वेंकटेश (26) 16 मध्यम तोपखाना पठानकोट (पंजाब) में सिपाही के पद पर तैनात थे। वह आंध्र प्रदेश में पिट्टावानपलम के रहने वाले थे। महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में अभ्यास के दौरान करीब 2 महीने में 5 जवानों की मौत हो चुकी है।

डॉक्टरों ने ऑपरेशन किया, जान नहीं बच पाई

महाजन पुलिस के मुताबिक, जवान पारस मोहन वेंकटेश महाजन फील्ड फायरिंग रेंज के पूर्वी कैंप में अभ्यास के लिए आए थे। वे 28 जनवरी को निशानेबाजी का अभ्यास कर रहे थे। इस दौरान एक गोली उनके सिर में लगी।

उन्हें तुरंत सूरतगढ़ के आर्मी अस्पताल पहुंचाया गया। 22 दिन से उनका इलाज चल रहा था। डॉक्टरों ने उनका ऑपरेशन भी किया था, लेकिन जान नहीं बच पाई। परिजनों के पहुंचने पर महाजन पुलिस की निगरानी में पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा।

राजस्थान बजट 2025: विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, बालिका शिक्षा, तकनीकी शिक्षा पर विशेष ध्यान - शिक्षा मंत्री दिलावर



24 न्यूज अपडेट

जयपुरः उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दीया कुमारी ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, बालिका शिक्षा, तकनीकी शिक्षा पर विशेष फोकस करते हुए बजट पेश किया. इसमें छात्रावास से लेकर बालिका सैनिक स्कूल, राजकीय विद्यालय में नए कक्षा कक्ष, लैब, कम्प्यूटर लैब और शौचालय का निर्माण का ध्यान रखा गया है. वहीं, सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाने की बात भी कही गई है. बजट 2025-26 में बालिका शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण पर भी विशेष जोर दिया गया है. श्रीगंगानगर जिले में सैनिक स्कूल और जयपुर, अलवर, बीकानेर, जैसलमेर और कोटा में बालिका सैनिक स्कूल स्थापित किए जाएंगे. बालिकाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए हर ब्लॉक के विद्यालय या महाविद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई केंद्र स्थापित किए जाएंगे. प्रदेश में चार देवनारायण बालिका आवासीय विद्यालयों और 16 सावित्री बाई फुले छात्रावास का निर्माण कराया जाएगा. बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन दिए जाने के लिए उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और कालीबाई योजना के तहत 35 हजार स्कूटी वितरण की घोषणा की गई है. सुरक्षा के मानदंडों को उन्नत करते हुए प्रदेश के 15 हजार राजकीय विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे. शिक्षा प्रणाली में होगा व्यापक सुधार : स्कूली छात्र-छात्राओं में नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के 1500 विद्यालयों में अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना की घोषणा की गई है. ये लैब, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, और गणित (STEM) क्षेत्रों में छात्रों को बेहतर व्यावहारिक शिक्षण अनुभव प्रदान करेगी. वहीं, जयपुर, जोधपुर और उदयपुर में वैदिक गुरुकुल की स्थापना की जाएगी. 50 प्राथमिक विद्यालयों का 8वीं तक और 100 विद्यालयों का उच्च माध्यमिक विद्यालयों में उन्नयन किया जाएगा. साथ ही 225 करोड़ रुपए खर्च कर विद्यालयों में नए कक्षा कक्ष, लैब्स, कम्प्यूटर लैब और शौचालय का निर्माण किया जाएगा. कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में 65 करोड़ रुपए की लागत से डाइनिंग हॉल की व्यवस्था की जाएगी. 200 करोड़ रुपए की लागत से नवीन भवनों का निर्माण किया जाएगा. दो हजार विद्यालयों के भवनों की मरम्मत पर 175 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे.

बीकानेर में वेटलिफ्टिंग की नेशनल चैंपियन की गर्दन टूटी

जिम में 270 किलो की रॉड ऊपर गिरी; गोवा में जीता था गोल्ड मेडल



24 न्यूज अपडेट

बीकानेर की महिला पावर लिफ्टर यष्टिका आचार्य(17) की जिम में प्रैक्टिस करते हुए मौत हो गई। गोल्ड मेडलिस्ट प्लेयर की गर्दन 270 किलो की रॉड गिरने से टूट गई। हादसे के तुरंत बाद उन्हें जिम में ही फर्स्ट-ऐड देने की भी कोशिश की गई। इसके बाद उन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां उन्हें डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

पूरे हादसे का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में युवती वेटलिफ्टिंग करती नजर आ रही है। पीछे ट्रेनर भी खड़ा है। इसी दौरान वेट उठाते हुए अचानक वे गिर पड़ी और स्क्वॉट्स रोड गर्दन पर आ गिरी।

हादसा मंगलवार शाम करीब 7 बजे नया शहर थाना इलाके की जिम का है। जानकारी के अनुसार आचार्य चौक की रहने वाली यष्टिका डेली की तरह कोच की मौजूदगी में प्रैक्टिस कर रही थीं। अचानक ही वेट उनकी गर्दन पर गिर गया। वहां मौजूद दूसरे प्लेयर्स ने वेट को उनके ऊपर से हटाया।

घटना के तुरंत बाद ही यष्टिका बेहोश हो गई थी। कोच ने उन्हें सीपीआर भी दी, लेकिन हलचल नहीं हुई।

उदयपुर में जल मंथन, बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री ने सुझाए "अमृत" के सूत्र



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 19 फरवरी। राज्य जल मंत्रियों के दूसरे अखिल भारतीय सम्मेलन में बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार ने जल संरक्षण के क्षेत्र में बिहार सरकार की पहलों पर प्रकाश डाला। श्री कुमार ने कहा कि जल-जीवन-हरियाली मिशन के तहत बिहार सरकार ने राज्य में जल स्रोतों के पुनर्जीवन, नए जल स्रोतों के निर्माण, वर्षा जल संचयन और सिंचाई परियोजनाओं पर विशेष ध्यान दिया है।

जल संरक्षण और प्रबंधन में बिहार की उपलब्धियां-

उन्होंने कहा कि बिहार में 47 हजार जल स्रोतों को चिन्हित कर 24 हजार पुराने जल स्रोतों को ठीक किया गया। 64 हजार से ज्यादा नये जल स्रोतों का निर्माण कराया गया। 12 हजार से ज्यादा चेक डेम्प बनाये गये।

37 हजार कुओं, 2 लाख 3 हजार से ज्यादा चापाकलों के पास सोखता का निर्माण किया गया। 14 हजार से ज्यादा सरकारी भवन के छत वर्षा जल का संचय का कार्य किया गया। 45 हजार एकड़ में ड्रिप पद्धति से सिंचाई कर जल की बचत की जा रही है। वहीं, 1 हजार 65 पौधाशाला का निर्माण तथा 17 करोड़ 80 लाख पौधे लगाये गये है।

जागरुकता अभियान-

बिहार में जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम भी निरंतर चलाया जा रहा है। प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को जल-जीवन-हरियाली दिवस का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण एवं प्रबंधन के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य के लिए बिहार को राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला है। बिहार सरकार जल संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है और भविष्य में भी इन गतिविधियों पर कार्य किये जाने का लक्ष्य है।

जल शक्ति से नारी शक्ति-

जल संरक्षण के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को भी महत्वपूर्ण माना गया है और इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।जल शक्ति से नारी शक्ति को साकार करने के लिए बिहार राज्य के राजीविका दीदीयों के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। यह पूरे देश के लिए जल सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने में महिलाओं का बड़ा योगदान है।

राज्य बजट में उदयपुर जिले को मिली कई सौगातें



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 19 फरवरी। वित्त मंत्री सुश्री दिया कुमारी ने बुधवार को विधानसभा में राज्य बजट प्रस्तुत किया। इस दौरान युवा, किसान, नौकरीपेशा, महिलाओं सहित हर वर्ग के लिए घोषणाएं की गई। उदयपुर जिले को भी राज्य बजट में ढेरों सौगातें मिली। बजट को लेकर सभी ने हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार प्रकट किया।

बजट में उदयपुर जिले के लिए सौगातें-

- उदयपुर के ऋषभदेव सहित दक्षिणी राजस्थान के महत्पवूर्ण धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक केंद्रों को शामिल करते हुए 100 करोड़ की लागत से ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट विकसित किया जएगा।
- उदयपुर शहर में जलपूर्ति के सर्विस लेवल, सप्लाई अंतराल व प्रेशर में सुधार संबंधी कार्य होंगे
- उदयपुर में इंस्टीट्यूट ऑफ माइंस की स्थापना की जाएगी
- भारोड़ी से पलानाकलां वाया छोटी खेड़ी मोटी खेड़ी होते हुए भानसोल एनएच तक सड़क (8 किमी.) (मावली)- उदयपुर- 16 करोड़ रूपये
- मेजर डिस्ट्रीक्ट रोड सुदृढ़ीकरण के तहत कोटड़ा क्षेत्र में (11 किमी.) सड़क का सुदृढ़ीकरण
- 70 करोड़ रूपये की लागत से भीण्डर से पाणुन्दफिला, भमरासिया से कुराबड़ एमडीआर सड़क का पुनर्निमाण व चौड़ाईकरण (35 किमी.) (वल्लभनगर)
- उदयपुर में बलिचा तिराहे पर फोरलेन फ्लाईओवर का निर्माण कार्य- 50 करोड़ रूपये
- रामगिरी पहाड़ी बड़गांव, उदयपुर को ऑक्सीजन हब बनाते हुए पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए डीपीआर- 15 करोड़ रूपये
- पानेरियों की मादड़ी आवासीय योजना, उदयपुर में 200 फ्लैट्स की योजना - 20 करोड़ रूपये
- कोटड़ा, झाडोल में रोडवेज बस स्टैण्ड संबंधित कार्य
- सीवर लाइनों के अंदर सीसीटीवी के द्वारा कंडीशन एसेसमेंट करवाकर क्षतिग्रस्त भाग को बिना सड़क की खुदाई करे ट्रेंचलेस मैथ्ड से बदलने का कार्य किया जाएगा
- नवरत्न कॉलोनी, उदयपुर में सीवरेज लाइन व कनेक्शन का कार्य
- उदयपुर शहर व आसपास के कस्बों में पर्यटन, हैरिटेज, कमांड कंट्रोल सेंटर व बाढ़ प्रबंधन संबंधी कार्य
- नाइट टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन
- उदयपुर में ट्रेवल माट्र्स का आयोजन
- उदयपुर के धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार व विकास कार्य- 57 करोड़
- उदयपुर में हॉप ऑन, हॉप ऑफ बस सेवा
- कानोड़ में राजकीय महाविद्यालय
- उदयपुर में वैदिक गुरूकुल एवं वैदिक पर्यटन केन्द्रों की स्थापना
- उदयपुर संभाग में पैरा स्पोर्ट्स के लिए स्पेशल स्पोर्ट्स कॉम्प्लैक्स
- उदयपुर संभाग में स्पोर्ट्स स्कूल/कॉम्प्लैक्स संबंधी कार्य
- उदयपुर में लेक्रोज एकेडमी की स्थापना
- गोगून्दा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत
- गोगून्दा में ट्रॉमा सेंटर बनेगा
- उदयपुर मेडिकल कॉलेज में 120 बैड क्षमता के स्पाइनल इंजरी सेंटर की क्षमता वृद्धि
- उदयपुर में खुला बंदी शिविर (पेट्रोल पम्प)
- माही, जाखम, मंडूर नदी पर एनिकट निर्माण/मरम्मत कार्य
- खरताना बांध (मावली) नहरों का निर्माण व मरम्मत कार्य
- उदयपुर में नवीन दुग्ध संयंत्र बनेगा
- उदयपुर में नवीन बाइपास प्रोटीन पशु आहार संयंत्र स्थापित होगा
- अमरख महादेव-उदयपुर क्षेत्र में लेपर्ड कंजर्वेशन रिजर्व बनेगा

पाँच करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों की समीक्षा



24 न्यूज अपडेट

राजसमंद, 19 फरवरी। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने बुधवार सुबह कलेक्ट्रेट सभागार में जिले में समस्त विभागों के वर्तमान में चल रहे 5 करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, कार्यकारी एजेंसियों के अधिकारी, संवेदक आदि मौजूद रहे। कलक्टर ने एक-एक कार्य पर बारीकी से संबंधित कार्यकारी एजेंसी और विभाग के प्रभारी अधिकारी से पूछा और कहा कि समस्त कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें ताकि लोगों को समुचित रूप से इन कार्यों का लाभ मिल सके।

जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि सभी बिल्डिंग कार्यों को हेंड ओवर करने से पूर्व परिसर में न्यूनतम 50 पेड़ लगाए जाने सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर ने यह भी कहा कि अब वे हर माह बैठक लेकर 5 करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। कलक्टर ने आरडीएसएस के कार्यों में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए गति बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके अलावा पीएचईडी के 133 करोड़ की लागत के बाघेरी-चिकलवास पुर्नगठन पेयजल परियोजना के साथ-साथ ग्रामीण जल योजना जुणदा, लापस्या ग्रामीण जल योजना कोटडी-काबरा-खडबामनिया, भैसाकमेड, उसरवास, रेबारियों की ढाणी, बडी बल्लों की भागल योजना की समीक्षा की। चिकित्सा विभाग के तहत 40 करोड़ की लागत से उपजिला चिकित्सालय भीम के अलावा 50 बैडेड सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आमेट, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धनेरिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नेड़च, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनेड़िया, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोठारिया के कार्यों की प्रगति पर बारीकी से जानकारी ली। आईटीआई भवन देवगढ़, खमनोर एवं भीम का निर्माण के साथ ही 9 करोड़ के इन्डोर स्टेडियम निर्माण, 21 करोड़ के बीएससी नर्सिंग कॉलेज भवन निर्माण, 37.60 करोड़ की लागत से राजकीय आयुर्वेद योगा एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र नाथद्वारा निर्माण, 150 करोड़ के राजसमन्द बांध मे जल की आवक में अभिवृद्धि करने हेतु खारी फीडर की प्रवाह क्षमता को बढाने के लिए शेष रहे जीर्णोद्धार तथा आवश्यक मरम्मत कार्य, 5 करोड़ के आगरिया फीडर का पुनरूद्धार कार्य (कुम्भलगढ) की समीक्षा की। इसी तरह 30 करोड़ की लागत से मेडिटूरिज्म एवं वेलनेस सेंटर बिल्ली की भागल नाथद्वारा का कार्य, रूडिप के तहत 106 करोड़ के नाथद्वारा शहर में गैर राजस्व जल को घटाने एवं नियमित जलापूर्ति हेतु जल उत्पादन एवं वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण का कार्य व 10 वर्ष का रखरखाव एवं संचालन का कार्यों के लेकर कार्यकारी एजेंसी एवं विभाग से समीक्षा करते हुए जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। एनएचएआई के तहत लगभग 1000 करोड़ की लागत से एनएच 162 ई का कार्य, 64 करोड़ की लागत से चौड़ाईकरण एवं सुदृढीकरण केलवाडा-ओलादर चौराहा (राजसमन्द) से भादसोडा चौराहा (चित्तौडगढ) वाया सापोल, मुण्डोल, राजनगर, रिको सडक, सोमनाथ चौराहा, जे.के.सर्कल, रेलमंगरा, गिलूण्ड, कपासन, शनि महाराज सडक के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। ऐसे ही अन्य कार्य जैसे आमेट से कोशिथल सडक नाडियावाडा से सिरोडी सडक जेतपुरा पुलिया निर्माण कार्य (बिफरजॉय से क्षतिग्रस्त), 50 करोड़ के नवीनीकरण एवं चौडाईकरण कार्य भीम से कामलीघाट वाया टॉडगढ मण्डावर सडक कार्य, 17 करोड़ की लागत से नवीनीकरण एवं चौडाईकरण कार्य आंजना महादेव मन्दिर से जगदीश सडक, 28 करोड़ की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भीम पर 50 बैडेड मातृ एवं शिशु इकाई स्थापना हेतु नवीन भवन निर्माण कार्य, डीएमएफटी के कार्यों जैसे 67 करोड़ की लागत से जिला चिकित्सालय नाथद्वारा में भवन निर्माण कार्य, 17 करोड़ की लागत से सामान्य अस्पताल नाथद्वारा में 50 बेडेड नये एमसीएच बिंग निर्माण कार्य आदि की समीक्षा की गई।

सांसद डा रावत व कल्याण आश्रम के प्रदेश संगठन मंत्री ने राज्यपाल से की भेंट



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सांसद डॉ मन्नालाल रावत और राजस्थान वनवासी परिषद के प्रदेश संगठन मंत्री जगदीश कुल्मी ने बुधवार को राजस्थान के राज्यपाल हरिभाउ किसनराव बागडे से राज भवन मे भेंट की। इस दौरान उन्होंने अनुसूचित क्षेत्र में पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन, राजस्थान पेसा नियमों में संशोधन, राज भवन में टीएसपी प्रकोष्ठ के गठन तथा जनजातीय परामर्श परिषद में जनजाति विशेषज्ञों की नियुक्ति जैसे विषयों पर राज्यपाल से चर्चा की। राज्यपाल को अवगत कराया गया कि जनजाति के विकास के लिए मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र में कुछ उल्लेखनीय कार्य हुए हैं जिन्हें संवैधानिक शक्तियों के अनुरूप राजस्थान में लागू किया जा सकते हैं। बैठक के दौरान भाजपा द्वारा जनजातियों के लिए किए गए कार्यों पर डॉ मन्ना लाल रावत एवं डॉ रजनी पी रावत द्वारा लिखी अटल नमो पथ नामक पुस्तक भेंट की। इस बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री जगदीश कुल्मी राजस्थान वनवासी परिषद भी साथ थे।

उदयपुर में बारिश की संभावना, बादल छाए:मौसम बदला तो धूप कमजोर हुई, रात का पारा 13 डिग्री



24 न्यूज अपडेट

प्रदेश में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से लेकसिटी में दूसरे दिन भी बादल छाए हुए हैं। बादलों के कारण धूप की तपन कमजोर है। दिन के तापमान में गिरावट और रात में बढ़त दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान 0.4 डिग्री नरमी के साथ 30.1 डिग्री है।। हालांकि यह अभी भी सामान्य से 2.2 डिग्री ज्यादा है। दूसरी तरफ बीती रात सामान्य से 2.7 डिग्री गर्म रही। रात का तापमान 24 घंटे में 0.8 डिग्री बढ़त के साथ इस महीने पहली बार 13 डिग्री हो गया। मौसम विभाग के अनुसार एक दो दिनों में और नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इसके असर से दो-दिन तक बादल व तेज हवा चलने की संभावना है। फिर 21 फरवरी से मौसम साफ रहेगा।

एक सप्ताह में 8 से 13 डिग्री पहुंचा रात का तापमान

रात का तापमान बीते एक सप्ताह 8 डिग्री से बढ़कर 13 डिग्री पहुंचा है। वहीं दिन का तापमान 28 से 30 डिग्री हुआ है। 19 फरवरी को अधिकतम तापमान 30.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13.0 डिग्री रहा। 18 फरवरी को दिन का 30.5 और रात का 12.2 डिग्री, 17 फरवरी को दिन का 31.6 और रात का 11.6 डिग्री रहा। इसी तरह 16 फरवरी को दिन का 31.0 और रात का 11.6, 15 फरवरी को 30.2 और रात का 8.5 डिग्री सेल्सियस रहा था।

यूरिया के अवैध भंडारण पर संयुक्त कार्यवाही, 1980 कट्टे जब्त



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़, 19 फरवरी। जिला कलक्टर एवं सदर थाना, चित्तौड़गढ़ को प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम ओछड़ी में स्थित एक गोदाम में यूरिया के अवैध संग्रहण की जांच हेतु 18 फरवरी को संयुक्त कार्रवाई की गई।

संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार), जिला परिषद, चित्तौड़गढ़ के निर्देशानुसार गठित उर्वरक निरीक्षकों की टीम एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा गोदाम की जांच की गई। गोदाम का स्वामित्व सत्यनारायण जागेटिया के पास था, जिसे हरीश मीणा, निवासी जलिया, तहसील निम्बाहेड़ा को किराए पर दिया गया था।

मौके पर हरीश मीणा से यूरिया संग्रहण के संबंध में अनुज्ञापत्र, क्रय बिल एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, परंतु उसके द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए तथा संतोषजनक जवाब भी नहीं दिया गया। इस पर उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम के उल्लंघन के तहत कृषि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 1980 कट्टे यूरिया की जब्ती की कार्रवाई की गई।

गोदाम में जब्त यूरिया के नमूने लेकर उन्हें राजकीय अधिसूचित उर्वरक परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया तथा उक्त मामले में सदर थाना, चित्तौड़गढ़ में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

इस संयुक्त कार्रवाई में संयुक्त निदेशक कृषि दिनेश कुमार जागा, कृषि अधिकारी अंशु चौधरी, ज्योति प्रकाश सिरोया (पीपी), गोपाल लाल धाकड़ (सामान्य), डॉ. शिवांगी जोशी (फसल), कृषि पर्यवेक्षक महेंद्र कुमार यादव एवं सदर थाना पुलिस उप निरीक्षक हिम्मत सिंह आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

सांसद की पहल पर मोबाइल टावर के लिए भीम और ब्यावर के वंचित क्षेत्रों का टीम ने किया सर्वे



24 न्यूज अपडेट

राजसमंद, 19 फरवरी। राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने राजसमंद संसदीय क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र भीम तथा ब्यावर के विभिन्न गांवों में मोबाइल नेटवर्क की समस्या उठाते हुए केंद्रीय संचार मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर एवं पत्र प्रेषित कर इन गांवों में मोबाइल नेटवर्क मजबूत करने की मांग उठाई थी। सांसद श्रीमती मेवाड़ की मांग पर त्वरित कार्रवाई करते हुए द्रीय संचार मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशन पर टीम भीम और ब्यावर विधानसभा क्षेत्रों के इन वंचित गांवों का सर्वेक्षण करने के लिए दिल्ली से पहुंची।

सांसद ने पत्र के माध्यम से राजसमंद में मोबाइल टावर की स्थापना की आवश्यकता को उठाया था, ताकि इलाके में नेटवर्क कनेक्टिविटी में सुधार हो और लोग बेहतर तरीके से संचार कर सकें।

संचार मंत्रालय और सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ का यह संयुक्त प्रयास क्षेत्रवासियों के लिए एक उपयोगी कदम है, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर संचार सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र का विकास होगा।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।